प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

5 जून 2023

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अंतर्दृष्टि (ANTARDRISHTI) नामक वित्तीय समावेशन डैशबोर्ड का शुभारंभ किया

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर ने आज अंतर्दृष्टि (ANTARDRISHTI) नामक एक वित्तीय समावेशन डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। जैसा कि इस नाम से पता चलता है, यह डैशबोर्ड प्रासंगिक मापदंडों को शामिल करके वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन और इसकी निगरानी करने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। यह सुविधा देश भर में व्यापक स्तर पर वित्तीय वंचन की सीमा को मापने में भी सक्षम होगी ताकि ऐसे क्षेत्रों की कठिनाइयों को दूर किया जा सके। यह डैशबोर्ड, जो वर्तमान में भारतीय रिज़र्व बैंक में आंतरिक उपयोग के लिए उपलब्ध है, आगे चलकर बहु-हितधारक दृष्टिकोण के माध्यम से अधिक से अधिक वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक विभिन्न नीतिगत पहल के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देता रहा है। वित्तीय समावेशन की सीमा को मापने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2021 में वित्तीय समावेशन (एफ़आई) सूचकांक तैयार किया था, जो वित्तीय समावेशन के तीन आयामों, अर्थात्, 'पहुँच', 'उपयोग' और 'गुणवत्ता' पर आधारित था।

आज इस डैशबोर्ड का शुभारंभ, देश में वित्तीय समावेशन को और अधिक गहन बनाने के भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रयासों के अनुसरण में एक और कदम है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/346